सिलीसेढ़ तिराहा-गरवाजी सड़क

drishtiias.com/hindi/printpdf/siliserh-tiraha-garwaji-road

चर्चा में क्यों?

16 अगस्त, 2021 को राजस्थान के श्रम राज्य मंत्री **टीकाराम जूली** ने अलवर में **840 लाख रुपए** की लागत से 14 किमी. लंबाई की बनने वाली **सिलीसेढ़-गरवाजी सड़क** चौड़ाईकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास किया।

प्रमुख बिंदु

- उन्होंने कहा कि **सिलीसेढ़ झील एवं गरवाजी ज़िले** के प्रमुख पर्यटन स्थल हैं और यहाँ सड़क बनने से आवागमन में सुविधा होगी।
- राज्य मंत्री ने इस सड़क पर रोड लाइट लगवाने और सड़क के दोनों किनारों पर पौधारोपण करवाने की बात भी कही। इससे बड़ी संख्या में पर्यटक आकर्षित होंगे और पर्यटन क्षेत्र के विकास से स्थानीय लोगों के रोज़गार के अवसर बढ़ेंगे।
- इसके साथ ही उन्होंने ग्रामीणों की मांग पर आमजन की सुविधा के लिये सिलीसेढ़ तिराहे पर सिंगल पेस बोरिंग कराने और सिलीसेढ़ क्षेत्र के दूरस्थ गाँवों को ग्रामीण बस सेवा से जोड़ने की घोषणा भी की।